सत्यमेव जयते

# BPSC TRE 3.0
# (11-12)
# Hindi Paper Analysis

## PART - III
## (HINDI)

गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए -

संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए, ईसा मसीह, बुद्ध, चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश किया, किन्तु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं। पर धीरे-धीरे मनुष्य अपनी शुभ बुद्धि से धर्म के कारण होनेवाले अनर्थ को समझने लग गया। भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति और संचार साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियाँ कम हो गई हैं। वर्ग-भेद के कारण मानव-मानव में घृणा, ईर्ष्या, वैमतस्य, कटुता में कमी नहीं आई। मानवीय मूल्यों के महत्व के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है शिक्षा का व्यापक प्रसार।

71. विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों में वृद्धि का परिणाम है -
(A) देशों में वैमनस्यता बढ़ी
(B) देशों की दूरियाँ कम हुई
(C) देशों में भिन्नता बढ़ी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. मनुष्य धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा ?
(A) संतों के अनुभव से
(B) अपनी शुभ बुद्धि से
(C) वर्ण-भेद से
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. मानवीय मूल्यों के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने का माध्यम है -
(A) शिक्षा का व्यापक प्रसार
(B) अर्थ का व्यापक प्रसार
(C) धर्म का व्यापक प्रसार
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. किस कारण से मानव के बीच घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्यता एवं कटुता में कमी नहीं आई ?
(A) व्यापार के कारण
(B) वर्ण-भेद के कारण
(C) अमीरी-गरीबी के कारण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. गद्यांश के अनुसार पृथ्वी पर सर्वाधिक रक्तपात किसके कारण हुआ ?
(A) शांति के कारण
(B) अर्थ के कारण
(C) धर्म के कारण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

कार्य का महत्व और उसकी सुन्दरता उसके समय पर संपादित किये जाने पर ही है। अत्यंत सुधड़ता से किया हुआ कार्य की यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाता निष्फल ही समझा जाता है। चिड़ियों द्वारा खेत-चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। उसके देर से किये गये उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फसल को फुलने-फलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

76. जीवन में समय का महत्व क्यों है ?
(A) समय पर किया गया काम सफल होता है
(B) समय काम करने की प्रेरणा देता है
(C) लोग समय की परवाह नहीं करते
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक।
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

77. बादल का बरसना व्यर्थ है, यदि –

(A) बाढ़ न आ जाए

(B) फसल को लाभ न हो

(C) गरमी शांत न हो

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. खेत का रखवाला कब उपहास का पात्र बनता है ?

(A) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है

(B) समय पर खेत की रखवाली नहीं करने पर

(C) जब खेत में पौधे नहीं उगते

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. गद्यांश का मुख्य भाव क्या है ?

(A) किसान का पछतावा करना

(B) बादल का बरसना

(C) समय का सदुपयोग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. 'चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिये जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा ।' इस पदबंध का प्रकार होगा –

(A) संज्ञा

(B) सर्वनाम

(C) क्रिया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश– साहित्य का आधार जीवन है । इसी आधार पर साहित्य की दीवार खड़ी होती है । उसकी अटारियाँ, मीनार और गुंबद बनते हैं । लेकिन बुनियाद मिट्टी के नीचे दबी पड़ी है । जीवन परमात्मा की सृष्टि है । इसलिए सुबोध है, सुगम है और मर्यादाओं से परिमित है । जीवन परमात्मा को अपने कामों का जवाबदेह है । या नहीं हमें मालूम नहीं, लेकिन साहित्य मनुष्य के सामने जवाबदेह है । इसके लिए कानून है जिनसे वह इधर-उधर नहीं जा सकता । मनुष्य जीवनपर्यंत आनंद की खोज में लगा रहता है । किसी को यह रत्न, द्रव्य में मिलता है, किसी को ऐश्वर्य में । लेकिन साहित्य का आनंद इस से ऊँचा है । उसका आधार सत्य और सुन्दर है । वास्तव में सच्चा आनंद सत्य और सुन्दर से मिलता है । उसी आनंद को दर्शाना, वही आनंद उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है ।

81. मनुष्य किसकी खोज में जीवन भर लगा रहता है ?

(A) आनंद की

(B) साहित्य की

(C) परमात्मा की

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. साहित्य के आनंद का आधार है

(A) परमात्मा

(B) सुंदर और सत्य को पाना

(C) जीवन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. परिमिति का अर्थ है –

(A) विस्मृत

(B) दबा हुआ

(C) सीमित

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

84. साहित्य और जीवन में गहरा संबंध है, क्योंकि -

(A) साहित्य का आधार जीवन है

(B) साहित्य जीवन की मजबूत दीवार है

(C) जीवन का मुख्य आधार साहित्य है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. 'लंबे-चौड़े भवन में' वाक्य में लंबे-चाड़े व्याकरण की दृष्टि से क्या है ?

(A) संज्ञा

(B) विशेषण

(C) क्रिया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके आधार पर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

विद्यार्थी जीवन ही वह समय है जिसमें बच्चों के चरित्र, व्यवहार, आचरण को जैसा चाहे, वैसा रुप दिया जा सकता है। यह अवस्था भावी वृक्ष की उस कोमल शाखा की भाँति है, जिसे जिधर चाहें मोड़ा जा सकता है। पूर्णत: विकसित वृक्ष की शाखाओं को मोड़ना संभव नहीं। उन्हें मोड़ने का प्रयास करने पर वे टूट तो सकती हैं पर मुड़ नहीं सकतीं। छात्रावस्था उस खेत चादर की तरह होती है जिसमें जैसा प्रभाव डालना हो, डाला जा सकता है। सफेद चादर पर एक रंग जो चढ़ गया, सो चढ़ गया, फिर से वह पूर्वावस्था को प्राप्त नहीं हो सकती। इसीलिए प्राचीन काल से ही विद्यार्थी जीवन के महत्व को स्वीकार किया गया है। इसी अवस्था से सुसंस्कार और सद्वृत्तियाँ पोषित की जा सकती हैं। इसीलिए प्राचीन समय में बालक को घर से दूर गुरुकुल में रहकर कठोर अनुशासन का पालन करना होता था।

86. व्यवहार में सुधार का उचित समय होता है -

(A) छात्रावस्था

(B) प्रौढ़ावस्था

(C) वृद्धावस्था

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

87. छात्रावस्था की तुलना की गई है -

(A) अविकसित वृक्ष से

(B) विकसित वृक्ष से

(C) सफेद चादर से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. छात्रों को गुरुकुल में क्यों छोड़ा जाता था ?

(A) धन अर्जित करने के लिए

(B) कठोर अनुशासन के लिए

(C) घर से दूर रखने के लिए

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

89. इनमें से किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं किया गया है ?

(A) अनुशासन

(B) सुसंस्कार

(C) महत्त्व

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

90. प्रस्तुत गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक का चयन कीजिए -

(A) विद्यार्थी जीवन

(B) छात्र एक वृक्ष

(C) चरित्र और व्यवहार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

91. निम्नलिखित में भाववाचक संज्ञा है–

(A) गंगा

(B) लड़की

(C) सुन्दरता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. निम्नलिखित में से सर्वनाम की सही परिभाषा है –

(A) संज्ञा के स्थान पर आने वाला शब्द

(B) विशेषण के स्थान पर आने वाला शब्द

(C) क्रिया के स्थान पर आने वाला शब्द

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

93. सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) 4

(B) 6

(C) 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. 'वह धीरे –धीरे चलता है ।' इस वाक्य में, 'धीरे–धीरे' क्या है?

(A) क्रिया – विशेषण

(B) विशेषण

(C) सर्वनाम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95. निम्नलिखित में से विशेषण शब्द नहीं है –

(A) दयालु

(B) काला

(C) प्रकृति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

96. 'पेड़ से पत्ता गिरता है ।' इस वाक्य में पेड़ शब्द का कारक है–

(A) अपादान

(B) करण

(C) कर्ता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

97. निम्नलिखित में से एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है –

(A) हवा

(B) वर्षा

(C) जनता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है –

(A) सूत

(B) साँप

(C) सत्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. कर्म तत्पुरुष समास वाले विकल्प का चयन कीजिए –

(A) वन–गमन

(B) तुलसीकृत

(C) हस्तलिखित

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

100. निम्नलिखित में से सही कथन का चयन कीजिए –

(A) अव्ययीभाव समास में प्रायः पहला पद प्रधान होता है ।

(B) तत्पुरुष समास में दूसरा पद प्रधान होता है ।

(C) द्वन्द्व समास में दोनों पद प्रधान होते हैं ।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

3001142

101. निम्नलिखित में से कौन सा धनुष शब्द का पर्यायवाची शब्द है?

(A) तरणी
(B) पिनाक
(C) कृपाण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

102. निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण वाक्य है –

(A) यह मेरा घर है और यह मेरे मित्र का
(B) अरी ! क्या कर रही हो ?
(C) राधा कल आयेगी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

103. गुण संधि का उदाहरण है –

(A) सुरेन्द्र
(B) देवानन्द
(C) फणीश्वर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

104. यशोदा का सही संधि – विच्छेद होगा –

(A) यश + दा:
(B) यश: + दा
(C) यशो + दा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक।
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

105. 'यह वही व्यक्ति है जो कल आया था' – यह किस प्रकार का वाक्य है ?

(A) संयुक्त वाक्य
(B) मिश्रित वाक्य
(C) सरल वाक्य
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

106. शुक्ल का विलोम होगा –

(A) कृष्ण
(B) काला
(C) असित
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

107. 'बहिरंग' का विलोम शब्द है –

(A) अनुरंग
(B) अंतरंग
(C) अतिरंग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

108. कोयल का पर्यायवाची शब्द है –

(A) पिक
(B) सुरभी
(C) काग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

109. 'अनुचित बात के लिए आग्रह करना' – वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा –

(A) दुर्बोध
(B) दुराग्रह
(C) दुर्गम
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

110. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए –

(A) वाल्मिकी
(B) वाल्मीकी
(C) मैथिलीशरण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

111. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए –

(A) ज्योत्स्ना

(B) ज्योतस्ना

(C) ज्योत्सना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

112. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –

(A) सीता घर पर नहीं है

(B) अभी चार बजा है

(C) महादेवी एक प्रसिद्ध कवि थी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

113. 'आँखे बिछाना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) अधिकांश सम्पत्ति दान करना

(B) अधिक आदर–सत्कार करना

(C) अत्यधिक प्रतीक्षा करना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

114. 'आधा तीतर आधा बटेर' लोकोक्ति का अर्थ है –

(A) धूर्तता एवं चालाकी दिखानें वाला

(B) नकली माल

(C) मिलावटी माल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

115. 'व्यायाम' शब्द में कौन–सी संधि है ?

(A) गुण संधि

(B) यण संधि

(C) वृद्धि संधि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

116. 'कीर्तिलता' के रचनाकार हैं –

(A) विद्यापति

(B) जयदेव

(C) चंदवरदायी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

117. सिद्धों की संख्या कितनी मानी जाती है ?

(A) 84

(B) 63

(C) 12

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

118. हिन्दी साहित्य के आदिकाल से संबंधित सिद्ध कवि किस धर्म के अनुयायी थे ?

(A) हिन्दु

(B) बौद्ध

(C) जैन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

119. पृथ्वीराज रासो के रचनाकार कौन हैं ?

(A) परमाल

(B) जगणिक

(C) चन्दवरदाई

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

120. नाथों की संख्या कितनी मानी गयी है ?

(A) 27

(B) 9

(C) 18

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

300114

121. 'संस्कृति के चार अध्याय' – पुस्तक के लेखक है –

(A) गोपाल सिंह नेपाली

(B) फणीश्वर नाथ रेणु

(C) रामधारी सिंह दिनकर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

122. 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' पुस्तक के लेखक हैं –

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

123. सिख धर्म के प्रवर्तक गुरु हैं –

(A) रामदास

(B) गुरु गोविन्द सिंह

(C) गुरुनानक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

124. रामचरितमानस में कितने काण्ड हैं ?

(A) 8

(B) 7

(C) 6

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

125. 'भक्तमाल' के रचनाकार हैं –

(A) नाभादास

(B) नंददास

(C) तुलसीदास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक।

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

126. 'बरवै नायिका भेद' के रचनाकार हैं –

(A) कृष्णदास

(B) रहीम

(C) रसखान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

127. 'रामचन्द्रिका' के रचनाकार हैं –

(A) कृष्णदास

(B) कृपाराम

(C) केशवदास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

128. रीतिकाल के कवि हैं –

(A) बिहारी

(B) विद्यापति

(C) कबीरदास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

129. 'रानी केतकी की कहानी' किसकी रचना हैं ?

(A) सदासुखलाल नियाज

(B) सदल मिश्र

(C) इंशा अल्ला खाँ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

130. 'शिवराज भूषण' किस कवि की रचना है ?

(A) भूषण

(B) ठाकुर

(C) चिंतामणि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

131. 'बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाइ ।' - काव्य-पंक्ति के रचनाकार हैं -

(A) केशव
(B) मतिराम
(C) बिहारी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

132. 'परीक्षा गुरु' उपन्यास के लेखक हैं ?

(A) गोपालराम गहमरी
(B) लाला श्रीनिवास दास
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

133. 'भारत-भारती' किस कवि की रचना है ?

(A) मैथिलीशरण गुप्त
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) प्रेमचंद
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

134. 'गोदान' उपन्यास के उपन्यासकार हैं -

(A) जैनेन्द्र
(B) प्रेमचंद
(C) यशपाल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

135. छायावाद का समय प्रायः माना जाता है -

(A) 1900-1936 ई.
(B) 1918-1936 ई.
(C) 1900-1915 ई.
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

136. 'संसद से सडक तक' किसकी रचना है ?

(A) विनोद कुमार शुक्ल
(B) रामधारी सिंह दिनकर
(C) सूदामा पाण्डेय धूमिल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

137. 'उसने कहा था' कहानी के लेखक हैं -

(A) वेद प्रकाश मिश्र
(B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(C) सुदर्शन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

138. 'कामायनी' किस विधा की रचना है ?

(A) उपन्यास
(B) कहानी
(C) काव्य
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

139. तारसप्तक का संपादन करने वाले व्यक्ति हैं -

(A) निराला
(B) अज्ञेय
(C) प्रेमचंद
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

140. 'तीसरी कसम' कहानी के लेखक हैं -

(A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(B) नागार्जुन
(C) फणीश्वर नाथ रेणु
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

300142

141. 'मैला आँचल' किस विधा की रचना है ?
(A) नाटक
(B) उपन्यास
(C) कहानी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

142. 'कवि वचन सुधा' पत्रिका का संपादन किसने किया ?
(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) बदरीनारायण चौधरी प्रेमधन
(C) भारतेंदु हरिश्चन्द्र
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

143. 'निराला की साहित्य साधना' – पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(A) नंद दुलारे वाजपेयी
(B) रामविलास शर्मा
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

144. 'सतपुड़ा के जंगल' किसकी रचना है ?
(A) प्रभाकर माचवे
(B) भवानी प्रसाद मिश्र
(C) नरेन्द्र शर्मा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

145. 'शिरीष के फूल' की रचना की –
(A) जयशंकर प्रसाद ने
(B) रामचन्द्र शुक्ल ने
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

146. निम्न में कौन सी कहानी फणीश्वर नाथ रेणु रचित नहीं है ?
(A) हार की जीत
(B) ठेस
(C) संवदिया
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

147. 'बादल राग' कविता के रचनाकार हैं –
(A) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(B) त्रिलोचन
(C) शमशेर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

148. 'कफन' कहानी के लेखक हैं –
(A) भगवती चरण वर्मा
(B) ममता कालिया
(C) प्रेमचंद
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

149. जहाँ कोई वापसी नहीं के लेखक हैं –
(A) रघुवीर सहाय
(B) निर्मल वर्मा
(C) भीष्म साहनी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

150. प्रेमधन की छाया-स्मृति के लेखक हैं –
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) रघुवीर सहाय
(C) केदारनाथ सिंह
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं